दिनांकः 09.05.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी से बौखलाई पाकिस्तानी सेना ने बीती रात भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया–भारत ने इसका मुंहतोड़ जवाब दियां
- भारत–पाक के बीच मौजूदा हालात को देखते हुए राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीमावर्ती क्षेत्रों में तैयारियों की समीक्षा कीं
- प्रदेश के सरहदी ज़िलों में सुरक्षा के मद्देनज़र कई एहतियाती उपाय–ब्लैक आउट की पूरी तरह पालना के निर्देशं
- राष्ट्रीय लोक अदालत कल–476 बैंचों के माध्यम से करीब पांच लाख मामलों का आपसी राज़ीनामे से निपटारा किया जाएगां
- राजस्थान और उत्तराखंड के कृषि मंत्रियों की जयपुर में मुलाकात–जैविक खेती और मिलेट्स उत्पादन सहित कृषि क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा

000

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेश मंत्रालय ने अब से कुछ ही देर पहले प्रेसवार्ता कीं विदेश सचिव विक्रम मिसरी, मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बीती रात पाकिस्तान की ओर से हुए हमलों और भारत द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही के बारे में जानकारी दीं कर्नल कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तान की तरफ से किये गये सभी मिसाइल और ड्रोन हमलों को नाकाम कर दिया गयां

...........

विदेश सचिव ने कहा कि आतंकवाद के केन्द्र के रूप में पाकिस्तान का चेहरा पूरी दुनिया के सामने आ गया हैं उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसका उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया गयां

..............

000

भारत–पाक के बीच तनाव की स्थिति और ताजा घटनाक्रम को देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज सीएमओ में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई इस दौरान राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गईं बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और मंत्री जोगाराम पटेल ने प्रेसवार्ता में बताया कि सीमांत जिलों में चिकित्सा, स्वास्थ्य, ईंधन, खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुओं का भंडारण किया जा रहा हैं उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ की इकाईयों को भी सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया हैं

..............

000

अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जारी तनाव को देखते हुए सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा के मद्देनज़र कई एहतियाती उपाय किये जा रहे हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, फलौदी, जोधपुर और श्रीगंगानगर में अगले आदेश तक हर रोज शाम से सुबह तक ब्लैक आउट रहेगां

...............

प्रदेश के विभिन्न इलाकों से सरहदी जिलों में अग्निशमन सहित अन्य वाहन भेजे जा रहे हैं अनुभवी दमकलकर्मियों को भी सीमांत जिलों में भेजा रहा हैं सरकारी कार्मिकों सहित रोडवेजकर्मियों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं

जोधपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि ताजा हालात को देखते हुए लोगों को विशेष सतर्कता बरतने और सामरिक महत्व के स्थलों से दूर रहने की सलाह दी गई हैं किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु, व्यक्ति और वाहन दिखने पर तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करने को कहा गया हैं

..................

वर्तमान घटनाक्रम को देखते हुए जयपुर जिला मुख्यालय पर नागरिक सुरक्षा और आपदा राहत नियंत्रण कक्ष के बेहतर संचालन के लिए तीन टीमें बनाई गई हैं जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने तीन पारियों में नियंत्रण कक्ष के संचालन के आदेश जारी किये हैं

राजस्थान स्टेट गैस ने प्रदेश में सीएनजी स्टेशनों पर सुरक्षा मानकों की सख्ती से पालना के निर्देश दिए हैं प्रबंध निदेशक रणवीर सिंह ने बताया कि सीएनजी स्टेशनों और संवेदनशील स्थलों पर गैर जरूरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने को कहा गया हैं इसके साथ ही कार्मिकों को सोशल मीडिया पर अनावश्यक प्रतिक्रिया देने से बचने को कहा हैं

000

देश की सीमाओं की रक्षा में जुटे वीर सैनिकों के सम्मान में कांग्रेस पार्टी की ओर से जयपुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई इस दौरान देशभक्ति गीत के साथ तिरंगा लहराते हुए प्रतिभागियों ने शहर के विभिन्न मार्गों पर पैदल मार्च कियां यात्रा का उद्देश्य देशवासियों को एकजुटता का संदेश देना और वीर सैनिकों का हौसला बढ़ाना रहां

000

केंद्र सरकार ने थल सेना अध्यक्ष को विशेष अधिकार दिया है, जिसके तहत जरूरत पड़ने पर अब टेरिटोरियल आर्मी के सभी जवानों और अधिकारियों को देश की सुरक्षा और आवश्यक कार्यों के लिए बुलाया जा सकेगां ये जवान और अधिकारी नियमित सेना को सहायता प्रदान करने के लिए कभी भी बुलाये जा सकते हैं रक्षा मंत्रालय ने इस बारे में अधिसूचना जारी की हैं यह आदेश तीन साल के लिए 9 फरवरी 2028 तक लागू रहेगां

सरकार ने सभी मीडिया चैनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और नागरिकों को रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही की लाइव कवरेज तथा रियल टाइम रिपोर्टिंग से बचने की सलाह दी हैं

पाकिस्तान की ओर से फर्जी खबरों और भ्रामक सूचनाओं को फैलाने के लिए डिजिटल स्पेस का सहारा लिया जा रहा हैं लोगों को गुमराह करने के लिए कहानियां बताई जा रही हैं ऐसे में श्रोताओं आपको कोई भी संदिग्ध सामग्री मिलती है, तो इसकी सूचना पीआईबी फेक्ट चैक को अवश्य दें ऐसी जानकारी को व्हाट्सएप नंबर **8 7 9 9 7 1 1 2 5 9** और पीआईबी की ईमेल आईडी पर भी साझा की सकती हैं

इसके अलावा, श्रोताओं से अनुरोध है कि ताजा और सही तथा तथ्यात्मक जानकारी के लिए आकाशवाणी से प्रसारित समाचार सुनते रहें आकाशवाणी समाचार ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अपने विभिन्न बुलेटिनों की समय अवधि को भी बढ़ा दिया हैं

000

प्रदेश में कल राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगीं इस साल की ये दूसरी लोक अदालत होगीं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लगने वाली इन अदालतों में राजीनामे से आपसी समझौतों को प्रोत्साहित किया जाएगां लोक अदालतें विवादों को लम्बे मुकदमेबाजी के बिना सुलझाने का किफायती माध्यम हैं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरिओम अत्री ने बताया कि लोक अदालतों के लिए जिला स्तर पर 476 बैंचों को गठन किया गया हैं लोक अदालतों के जरिए करीब पांच लाख मामलों को निपटाने का लक्ष्य रखा गया हैं

...............

000

उत्तराखण्ड के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज जयपुर में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा से मुलाकात कीं इस दौरान एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट, ऑर्गेनिक खेती, बीज उत्पादन, जी आई टैग, ज़ैतून और मोटा अनाज के उत्पादन पर चर्चा की गई बैठक में राजस्थान और उत्तराखण्ड में विविधिकरण और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की संभावनाओं पर भी विचार विमर्श किया गयां श्री जोशी ने बताया कि उत्तराखंड में पैदा होने वाले औषधीय पौधों, फूलों की अनुकूल किस्मों को राजस्थान में भी लगाया जा सकता हैं इसके लिए उन्होंने राजस्थान से प्रतिनिधि मण्डल उत्तराखण्ड भेजने की बात कहीं बैठक में डॉ. मीणा ने प्रदेश में

सोलर पम्प संयंत्रों की स्थापना, जैविक खेती, मिलेट्स उत्पादन और कृषि उत्पादों को मिले जीआई टैग की जानकारी दीं

000

प्रदेश में आज कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुईं अलवर, चित्तौड़गढ़ और कोटपूतली–बहरोड़, सिरोही, श्रीगंगानगर और बांसवाडा समेत अन्य स्थानों से बारिश के समाचार हैं वहीं उदयपुर और आस–पास के इलाकों में घने बादल छाए रहें मौसम विभाग ने आज राज्य के 18 जिलों के लिए बरसात का यलो अलर्ट जारी किया हैं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमर सेनानी महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें नमन किया हैं सोशल मीडिया पर अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अद्वितीय शौर्य का परिचय दियां उनका पराक्रमी जीवन देशवासियों को सदैव प्ररित करता रहेगां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी हैं अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका साहस और पराक्रम लोगों को हमेशा याद रहेगां

000